एक नजर में

जावद में फिर मंडराया चड्डी-बनियान गिरोह का खतरा

जावद। जावद नगर में एक बार फिर चड्डी-बनियान गिरोह की सक्रियता से लोगों में दहशत का माहौल है। अल सुबह करीब 4 बजे नीमच रोड क्षेत्र में पांच संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आसपास के मकानों के बाहर से कुंडी लगा दी, ताकि घरों में मौजूद लोग बाहर निकलकर उनका विरोध न कर सकें।जानकारी के अनुसार बदमाशों ने क्षेत्र में खड़ी तीन से चार मोटरसाइकिलों के लॉक तोड़कर उनकी वायरिंग काटने का प्रयास किया। हालांकि वे अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके और मोटरसाइकिल लेकर फरार होने में नाकाम रहे।पूरी घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।सीसीटीवी फुटेज में करीब पांच संदिग्ध युवक रात के अंधेरे में क्षेत्र में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं से लोगों में पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने की मांग उठ रही है।घटना के बाद पुलिस के सामने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ने की चुनौती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस गिरोह पर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बड़ी वारदात हो सकती है। चड्डी-बनियान गिरोह के दोबारा सक्रिय होने की आशंका ने जावदवासियों की चिंता बढ़ा दी है। अब लोगों की नजर पुलिस कार्रवाई पर है कि सीसीटीवी फुटेज के आधारपर संदिग्धों की पहचान कर उन्हें कब तक गिरफ्तार किया जाता है।

नेशनल तैराकी में फिर लौटेंगी सुप्रिया

नीमच। राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में नीमच की सुप्रिया जैन एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस बार वे मास्टर्स वर्ग में उतरेंगी और जिले की पहली महिला मास्टर्स तैराक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगी। उनके साथ राकेश बंसल, मोहनसिंह गेहलोत और मनोज शर्मा मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। हरियाणा के बहादुरगढ़ में 11 से 13 सितंबर तक 25 वर्ष से अधिक आयु के तैराकों के लिए नेशनल मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नीमच के चारों खिलाड़ी 10 सितंबर को जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष अशोक मोदी के नेतृत्व में हरियाणा रवाना होंगे। सुप्रिया जैन, पिता राजकुमार जैन, इससे पहले भी नीमच की ओर से राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। अब मास्टर्स वर्ग में उनकी वापसी जिले के लिए खास उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं राकेश बंसल, मोहनसिंह गेहलोत और मनोज शर्मा भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे। जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अशोक मोदी ने बताया कि सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार हैं और राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। टीम की तैयारियों में संघ के उपाध्यक्ष प्रकाश मंडवारिया, दिलीप डुंगरवाल, विष्णु मोदी, रामगोपाल मोदी, मुकेश चतुर्वेदी तथा कोच रविंदर सोनी का भी सहयोग रहा। टीम के हरियाणा रवाना होने से पहले संघ पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

समूह से मिला संबल, ऋण से बढ़ी आजीविका

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। नीमच विकासखंड के ग्राम सरवानियाबोर की श्रीमती पुष्पा कुंवर इसकी प्रेरक मिसाल हैं। वर्ष 2019 में पदमावती आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद पुष्पा कुंवर ने एमडीएम एवं पत्तल-दोना निर्माण को अपनी आजीविका का माध्यम बनाया। समूह से उन्हें 1.50 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त हुआ, जिसका उपयोग उन्होंने अपनी आजीविका गतिविधि को आगे बढ़ाने में किया। समूह को आरएफ, सीआईएफ एवं सीसीएल के माध्यम से भी वित्तीय सहयोग मिला। समूह से जुड़ने से पहले पुष्पा कुंवर की व्यक्तिगत मासिक आय मात्र 4 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 18,500 रुपये हो गई है। परिवार की मासिक आय भी 9 हजार रुपये से बढ़कर 21 हजार रुपये हो गई। आर्थिक सशक्तिकरण के साथ वे 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। उन्होंने पक्का मकान बनवाया, कार एवं बाइक खरीदी तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में सक्षम हुई हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में ग्रामीण आजीविका गतिविधियों और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के प्रयासों को गति दी जा रही है। मिशन के माध्यम से समूहों को वित्तीय एवं आजीविका संबंधी सहयोग उपलब्ध कराकर महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। पुष्पा कुंवर की सफलता अब व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी पहल से महिलाएं स्वरोजगार की ओर बढ़ रही हैं। सरवानियाबोर में आज 21 महिला स्व-सहायता समूह गठित हो चुके हैं।

40 साल बाद नपा की जमीन पर कॉलोनी को मंजूरी, 28 प्रस्ताव बहुमत से पारित

हर्कियाखाल डैम बनेगा पिकनिक स्पॉट, 3 .23 करोड़ की फायर सेफ्टी सहित सड़क, सोलर और नगर वन के प्रस्तावों पर भी मुहर

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच के विशेष सम्मेलन में सोमवार को रखे गए सभी 28 प्रस्ताव बहुमत से पारित कर दिए गए। सम्मेलन में करीब 40 साल बाद नगरपालिका की जमीन पर आवासीय एवं व्यावसायिक कॉलोनी विकसित करने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी मिली। नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने बताया कि कॉलोनी विकसित होने से नपा को करोड़ों रुपए की आय होने की उम्मीद है। इससे नागरिकों को आवास व व्यवसाय के लिए भूमि उपलब्ध होने के साथ नगरपालिका की जमीन का नियोजित उपयोग भी हो सकेगा।

हर्कियाखाल डैम पर खर्च होंगे 53 लाख-परिषद ने हर्कियाखाल डैम को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिए करीब 53 लाख रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी। इसके अलावा सीआरपीएफ रोड, विजय टॉकीज रोड, फव्वारा चौक, मेसी शोरूम चौराहा सहित प्रमुख मार्गों के डामरीकरण और सीसी रोड के कार्यों पर भी निर्णय लिया गया। टैगोर मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाइन डालने की योजना को भी स्वीकृति दी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 3.23 करोड़ रुपए की फायर सेफ्टी व्यवस्था के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। नगर वन, सोलर परियोजना, टाउन हॉल जीर्णोद्धार और स्टाफ क्वार्टर से जुड़े प्रस्ताव भी पारित हुए।

विपक्ष ने पेयजल, अतिक्रमण और आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया

सम्मेलन में विपक्षी पार्षदों ने दूषित व अपर्याप्त पेयजल, पेंशन, अधूरे निर्माण कार्य, आवारा पशु-कुत्तों और नगरपालिका की जमीन पर अतिक्रमण जैसे मुद्दे उठाए। इस दौरान पार्षद हरगोविंद दीवान द्वारा गांधी भवन के लीज नवीनीकरण के प्रस्ताव को आगामी एजेंडे में शामिल किए जाने, शहर में हो रहे जल वितरण में गंदे पानी की शिकायत, वितरण का समय 45 मिनट किए जाने, शहर में बिजली पोल से के करंट लीकेज की घटनाएं, ग्वालटोली तालाब सहित खेल मैदान में हो रहे अवैध अतिक्रमण हटाए जाने सहित वार्ड विकास से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर सीएमओ ने संबंधित ठेकेदार को अंतिम नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई के बाद नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। वहीं नई गुमटियों के जरिए किए जा रहे अतिक्रमण पर भी सख्ती के निर्देश दिए गए। अब इन विकास योजनाओं को समयसीमा में धरातल पर उतारना और शहर की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान करना नगरपालिका के सामने बड़ी चुनौती होगी।

बदहाली में श्मशान घाट, तिरपाल थामकर ग्रामीणों ने दी अंतिम विदाई

मनासा। गांव खजूरी में श्मशान घाट की बदहाल स्थिति का एक मार्मिक दृश्य सामने आया है। लगातार हो रही बारिश के बीच ग्रामीणों को तिरपाल थामकर राधाकिशन पाटीदार का अंतिम संस्कार करना पड़ा। अंतिम विदाई के समय बारिश से बचाने के लिए ग्रामीणों को अपने हाथों का सहारा लेना पड़ा। इस घटना ने गांव की मूलभूत सुविधाओं और श्मशान घाट की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट में बारिश से बचाव के लिए पर्याप्त छत, बैठने और अन्य जरूरी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। लंबे समय से व्यवस्था सुधारने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत और संबंधित अधिकारियों को कई बार आवेदन एवं शिकायतें देने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने पंचायत में हुए विभिन्न विकास कार्यों को लेकर भी गंभीर आरोप

लगाए हैं। उनका आरोप है कि पंचायत के पूर्व सचिव के लंबे समय तक पदस्थ रहने के दौरान विभिन्न कार्यों में लाखों रुपये के बिलों के माध्यम से भुगतान किए जाने तथा राशि के कथित दुरुपयोग की जांच की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने मनरेगा, तालाब निर्माण सहित अन्य योजनाओं में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ मामलों में हितग्राहियों को पूरी जानकारी दिए बिना बिल लगाए जाने और भुगतान किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों का दावा है कि यदि पंचायत के पिछले वर्षों के विकास कार्यों, भुगतान और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कथित अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बारिश के बीच तिरपाल थामे खड़े ग्रामीणों की तस्वीर ने गांव की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों और योजनाओं के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन किसी व्यक्ति को अंतिम विदाई देने के लिए भी यदि ग्रामीणों को बारिश में तिरपाल पकड़कर खड़ा होना पड़े तो यह चिंता का विषय है।

इनरव्हील डायमंड ने शिक्षक दिवस पर 28 शिक्षकों का किया सम्मान

नीमच। इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर 28 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रतिभा कॉलोनी उपस्थित रहीं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पित भाव, मेहनत और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा देने और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पायल गुर्जर ने अपने उद्बोधन में सभी सम्मानित शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना समाज के प्रति उनके समर्पण और योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक छोटा सा प्रयास है।इस अवसर पर क्लब सचिव दिव्या जैन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सम्मान का यह अवसर क्लब के लिए गौरव का विषय है और भविष्य में भी क्लब इसी प्रकार समाजहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

नेत्रदान जागरूकता रैली

नीमच। कॉर्निया प्रत्यारोपण की आवश्यकता और उपलब्ध नेत्रदान के बीच देश में अभी भी बड़ा अंतर बना हुआ है। इसी को देखते हुए नेत्रदान पखवाड़े के तहत गोमाबाई नेत्रालय, नीमच द्वारा 5 सितंबर को नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शाम 5:30 बजे गोमाबाई नेत्रालय से शुरू हुई।

रैली रतन स्वीट्स, कमल चौक, फव्वारा चौक एवं शोरूम चौराहा होते हुए संपन्न हुई। इस दौरान नेत्रालय के स्टाफ ने हाथों में नेत्रदान जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर और जागरूकता संदेश अंकित फेस मास्क पहनकर लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया। रैली में 'नेत्रदान महादान' सहित विभिन्न नारों के माध्यम से आमजन से मृत्यु के बाद नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की गई। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय नेत्रदान कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022-23 में 62,370 और वर्ष 2023-24 में 66,395 आंखें दान की गईं। इसके बावजूद जरूरतमंद मरीजों के लिए कॉर्निया की आवश्यकता बनी हुई है।

एक नजर | **व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश**

जिला पंचायत सीईओ ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमन वैष्णव ने सोमवार को जिला चिकित्सालय नीमच का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सुधार के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने जन्म एवं मृत्यु पंजीयन इकाई की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने 1 अप्रैल 2026 के बाद जन्मे बच्चों की संख्या तथा उनके जारी किए गए जन्म प्रमाण-पत्रों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मातृ एवं शिशु इकाई का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने तैनात सुरक्षा गार्डों को पूरी दक्षता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शारीरिक रूप से कमजोर अथवा कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले सुरक्षा गार्डों को हटाने की कार्रवाई की जाए।

अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सफाई सुपरवाइजर से कहा गया कि वार्डों में सामान्य कचरा जमा नहीं होना चाहिए। सभी वार्डों से निकलने वाले सामान्य कचरे को निर्धारित स्थान पर एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

सीईओ ने अस्पताल की गैलरी में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने तथा मरीजों के परिजनों द्वारा गैलरी में भोजन करने के बजाय निर्धारित प्रतीक्षालय अथवा वेटिंग एरिया का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु इकाई में चल रहे रंगाई-पुताई के कार्य को भी शीघ्र पूरा कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान मरीजों और उनके सहायकों की सुविधा को लेकर भी कई निर्देश दिए गए।

मंदसौर

एक नजर में

रायपुरिया के ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

भानपुरा। तहसील क्षेत्र के ग्राम रायपुरिया के ग्रामीणों ने गांव में कुछ लोगों द्वारा आए दिन विवाद करने, गाली-गलौज एवं धमकाने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी भानपुरा के नाम हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग आए दिन ग्रामवासियों के साथ विवाद करते हैं तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित लोग गली-मोहल्लों में लाठियां लेकर घूमते हैं, जिससे गांव में भय का वातावरण बना हुआ है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोगों द्वारा पूर्व में पुलिसकर्मियों के साथ भी विवाद एवं हमला किया गया था, जिसके मामले में वे जेल जा चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित लोगों द्वारा पूरे गांव के लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। शिकायत करने पर ग्रामीणों के खिलाफ भी झूठे आवेदन देने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर आरोपों की सत्यता के आधार पर उचित एवं कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि गांव में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो सके। ज्ञापन पर ग्राम रायपुरिया के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करेंगे पांच खिलाड़ी

मंदसौर। जिले के लिए गर्व का विषय है कि सिंह फाइट क्लब के चार प्रतिभावान खिलाड़ी पूजा राठौर, युगल वधेरवाल, निखिल शर्मा, शारांश भारती राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। सीनियर और मास्टर्स राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 8 से 12 सितंबर 2026 तक इंदौर में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सिंह फाइट क्लब के चार खिलाड़ी निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं मेहनत के साथ प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मंदसौर का गौरव बढ़ाने के लिए मैदान में उतरेंगे। यह जानकारी देते हुए कोच नीतिराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व की बात है। सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत और लगन के साथ प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास एवं खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और मंदसौर एवं मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे। सिंह फाइट क्लब समिति के अध्यक्ष विनय दुबेला एवं समिति के सभी सदस्यों ने पांचों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं शानदार प्रदर्शन की कामना की।

मंदसौर शहर के लिए सुनियोजित यातायात प्लान तैयार करें : कलेक्टर

मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने संबंधित विभागों को मंदसौर शहर के लिए सुनियोजित यातायात प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात को देखते हुए रोड चौड़ीकरण, ट्रैफिक सिग्नल, अतिक्रमण हटाने, डायवर्सन एवं विभिन्न प्रवेश मार्गों की समुचित योजना बनाई जाए।

सोमवार को सुशासन भवन में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना सहित लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाई, आरईएस, एनएचएआई, परिवहन एवं यातायात पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा सड़कों पर अनधिकृत एवं अनावश्यक कट बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सुधारात्मक कार्यों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में शहर में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, सड़कों पर वाहन पार्किंग रोकने, नगरपालिका द्वारा ट्रैफिक सिग्नल स्थापित करने एवं यातायात रुकने के स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मंदसौर शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश एवं संचालन पर प्रतिबंध तथा कृषि उपज मंडी के बाहर ट्रैक्टरों की लाइन एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई।

इनरव्हील ने शिक्षकों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया

मन्दसौर। इनरव्हील क्लब 304 मंदसौर द्वारा नितवन स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राचार्या रचना दोषी एवं समस्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार भेंट कर उनके समर्पण एवं योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देकर एक बेहतर समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके समर्पण, सेवा एवं मार्गदर्शन को सादर नमन।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार भी उपस्थित रहीं, जिनका सम्मान अध्यक्ष अंजना पटेल द्वारा किया गया।भारती जी ने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव बच्चों का जीवन रोशन करता है सभी बच्चों ने अपने गुरुजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। रचना दोषी द्वारा बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल, कोषाध्यक्ष शशि झलोया, पूर्व अध्यक्ष हेमा हिंगड़ तथा क्लब सदस्य रचना दोषी एवं कमला शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुंदर संचालन रचना दोषी द्वारा किया गया तथा अंत में सचिव अल्पना राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मंदसौर के ऐराफ मेव ने वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

मंदसौर। गोवा के यश शूटिंग हब में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित 13वीं वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में मंदसौर के युवा निशानेबाज ऐराफ मेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। ऐराफ ने 10 मीटर एयर राइफल के जूनियर एवं सीनियर मेन वर्ग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक पर निशाना साधा और प्रदेश सहित मंदसौर का नाम रोशन किया।

चैंपियनशिप में गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दादरा नगर हवेली एवं दमन-दीव के चयनित निशानेबाजों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऐराफ ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक हासिल किया। ऐराफ मेव ने हाल ही में जबलपुर में संपन्न हुई 13वीं मध्य प्रदेश स्टेट गन फॉर ग्लोरी शूटिंग चैंपियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया था।

ऐराफ वर्तमान में देवास की द आर्ट ऑफ शूटिंग एकेडमी में कोच सुयश कसेरा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच सुयश कसेरा स्वयं आईएसएसएफ के 'सी' एवं 'डी' लाइसेंसी तथा एनआरएआई के राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणित कोच हैं। वेस्ट जोन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ऐराफ मेव अब आगामी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आएंगे। ऐराफ मंदसौर जिले के सोनगरी ग्राम के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।